संलग्नक-2 संख्या-5167/6-पु-7-06-56/98

प्रेषक,

अरूण कुमार सिन्हा,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग-7 लखनऊः दिनांकः 07 नवम्बर,2006

विषयः- पुलिस विभाग में क्रय समिति की अध्यक्षता करने एवं क्रयानुमोदन प्रदान किये जाने हेतु अधिकार प्रदान किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-2772/6-पु-7-2002-56/98, दिनांक 28.08.2002 को अतिक्रमित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय गृह विभाग के अधीन विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों को क्रय समिति की अध्यक्षता एवं क्रयानुमोदन सम्बन्धी वित्तीय अधिकारों के सम्बन्ध में निम्न तालिका के स्तम्भ-2 व 4 में उल्लिखित अधिकारों के स्थान पर अब क्रमशः स्तम्भ-3 व 5 में प्रस्तावित वित्तीय अधिकारों की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

| अधिकारी का पदनाम | क्रय समिति की अध्यक्षता (धनराशि रू0 लाख में) | | क्रय अनुमोदन (धनराशि रू0 लाख में) | |
|---|---|---|---|---|
| | वर्तमान व्यवस्था | प्रस्तावित | वर्तमान व्यवस्था | प्रस्तावित |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| पुलिस अधीक्षक | 5.00 | 10.00 | | |
| पुलिस उप महानिरीक्षक | 25.00 | 50.00 | 5.00 | 10.00 |
| पुलिस महानिरीक्षक | 50.00 | 125.00 | 25.00 | 50.00 |
| अपर पुलिस महानिदेशक | 125.00 | 500.00 | 50.00 | 125.00 |
| पुलिस महानिदेशक | | | 125.00 | 500.00 |

2- रू0 500.00 लाख से अधिक के क्रय प्रस्ताव पुलिस महानिदेशक द्वारा परीक्षित किये जाने के उपरान्त आवश्यक प्रमाण पत्र सहित शासन को अनुमोदन हेतु भेजे जायेंगे।

भवदीय,

( अरूण कुमार सिन्हा )
सचिव

IG P&B
9/11/06

संख्या-5167(1)/6-पु-7-2006, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) 1 व 2 तथा (आडिट) 1 व 2, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग (सामग्री क्रय अनुभाग), कानपुर।
4. प्रमुख सचिव, लघु उद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6. गोपन अनुभाग-1 को उनके पत्र संख्या-4/2/32/06सी0एक्स0(1), दिनांक 5.11.06 के संदर्भ में।

आज्ञा से

( राजेन्द्र प्रसाद मिश्र )
संयुक्त सचिव

संलग्नक-3

# निविदा का प्रारूप

कार्यालय का नाम - ..................................................

निविदा संख्या-                                   दिनांक:        ,2005

निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु दो प्रतियों में टेक्निकल एवं वित्तीय भाव पत्र अलग-अलग मुहरबन्द आमन्त्रित किये जाते है-

| क्र सं. | उपकरण का नाम | कुल मात्रा | प्रतिभूति राशि (रू. में) | टेण्डर फीस | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

उपरोक्त उपकरणों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मे किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से टेण्डर फीस नकद जमाकर निविदा फार्म मय टेक्नीकल/फाइनेन्सियल बिड व शर्तो सहित प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म के साथ उपरोक्त उपकरण की तकनीकी विशिष्टियां (स्पेशिफिकेशन) उपलब्ध करायी जायेगी। टेण्डर से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में दूरभाष नं............................................पर प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय का फैक्स नं.........................है।

2. प्रत्येक निविदा के साथ उपकरण के सम्मुख दर्शायी गयी अर्नेस्ट मनी (EMD) जमा की जायेगी, जो डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, बैंक गारण्टी एवं एफ.डी.आर. के रूप में ........................के पक्ष में बनवाकर प्रस्तुत की जायेगी।

3. अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक या पूर्णरूप से अस्वीकार करने हेतु सक्षम होंगे। अधोहस्ताक्षरी को क्रय किये जाने वाले उपकरणों की संख्या घटाने, बढाने का भी अधिकार होगा।

1. निविदा बिक्री की तिथि
2. निविदा प्राप्त होने की अन्तिम तिथि
3. तकनीकी भाव पत्र खोले जाने की तिथि
4. तकनीकी क्रय समिति के बैठक की तिथि
5. वित्तीय भाव पत्र खोलने की तिथि
6. वित्तीय क्रय समिति के बैठक की तिथि

पदनाम अधिकारी